कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.12.2024

विषयः- नेग मांगने के बहाने झाँसा देकर कान की बाली लेकर चले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त सोनू थाना चोलापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, 01 अदद मो.सा. व 02 अदद कान की बाली बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-427/2024 धारा 318(4)/316(2)/317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र बब्बू निवासी ग्राम- अमउत थाना – फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-17.12.2024 को समय करीब 12.15 बजे रौनाकला बारी के पास से 01 अदद मो.सा. व 02 अदद कान की बाली पीली धातु के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 16.11.2024 को वादिनी मुकदमा ने अपने दरवाजे पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नेग मांगने व झांसा देकर कान की बाली लेकर चले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रा.पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना चोलापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ.नि. प्रद्युम्न राय द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- पूछताछ करने पर अभियुक्त सोनू ने बताया कि मैं व मेरे दोस्त हैदर व शमशेर हमलोग एक साथ मिलकर गांव मे घूम फिर कर जिसके घर शादी या कोई उल्लास होता है तो नेग माँगते है जब कोई व्यक्ति सोना व चाँदी नेग में नहीं देता है तो हमलोग झाँसा देकर माल को प्राप्त करते है तथा प्राप्त माल मे से बराबर-2 आपस में बाँट लेते है। दिनांक 16/12/2024 को ग्राम रौना कला मे एक महिला के घर जाकर उसे झांसा देकर कान की बाली पुनः वापस करने की बात बताकर ले लिए तथा मो0सा0 स्टार्ट किये औऱ चले गये। आज उक्त माल को बेचने के फिराक में जा रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण-

1- 01 अदद मो0सा0 एचएफ डिलक्स बिना नम्बर प्लेट।

2- कुल 02 अदद कान की बाली पीली धातु।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सोनू पुत्र बब्बू निवासी ग्राम- अमउत थाना – फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

रौनाकला बारी के पास से, दिनांक-17.12.2024 को समय करीब 12.15 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 427/2024 धारा 318(4)/316(2)/317(2) बीएनएस थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 प्रद्युम्न राय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 रामप्रवेश गौतम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 सूरज थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।